




## एक नजर में

### आज होगा 41 कन्याओं का सामूहिक निकाह

**महिदपुर।** नगरपालिका परिषद् महिदपुर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजनान्तर्गत 14 दिसम्बर को सामूहिक निकाह सम्मेलन का आयोजन स्थानीय गंगावाड़ी मेला ग्राउण्ड में किया जाएगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव द्वारा बताया कि सम्मेलन हेतु 41 जोड़ों का पंजीयन किया गया है। कार्यक्रम की सभी तैयारियां निकाय द्वारा पूर्ण की जा चुकी हैं। सामूहिक निकाह सम्मेलन में निकाह करने पर कन्या को 49000/– नगद बैंक खाते में प्रदान किए जावेंगे। मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा प्रतीक स्वरूप चैक प्रदान किया जाएगा।

### भगवान श्री खेड़ापति हनुमानजी की महाआरती कर लगा चुरमे का महाभोग

**उज्जैन।** निकास चैराहा, उज्जैन पर स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर परंपरानुसार हनुमान अष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में भगवान श्री खेड़ापति हनुमानजी की महाआरती 5 ढोलों की थाप पर घंटाध्वनि के बीच की गई। पुजारी पं.घोटू गुरू के अनुसार हनुमान अष्टमी पर्व पर 12 दिसंबर को प्रातः चित्ताकर्षक चोला श्रृंगार रंग बिरंगी पतंगों से किया गया। रंग बिरंगे गुब्बारों व विद्युत सज्जा से गर्भगृह व मंदिर को सुसज्जित किया गया। महाआरती उपरांत भगवान को चुरमे का महाभोग लगाया जाकर देर रात्रि तक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरीत किया गया। आरती के पूर्व राम नाम लेखन करने वाली महिला श्रद्धालु रमा अशोक शर्मा ने 15 लाख रामनाम लिखित पुस्तिकाएं भगवान को अर्पित की गई। इस अवसर पर अशोक शर्मा, वरदान शर्मा, अक्षय शर्मा, इंजीनियर अभिषेक शर्मा, आनंद भटनागर, नंदकिशोर सोलंकी, मनोहरलाल गुप्ता, किशन भीमवानी, बाबूलाल लश्करी, शंकर परमार, रविन्द्र राणावत आदि सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### श्री रामायण पाठ की हुई पुर्णाहुति

**उज्जैन।** श्री गिरनारी हनुमान मंदिर, वृंदावनपुरा, उज्जैन पर हनुमान अष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में 12 दिसंबर को संध्या 4 बजे महाआरती की गई। पश्चात चल समारोह नगर के विभिन्न मार्गों से निकाला गया जिसमें बाबा की पालकी, अखाड़े, ध्वज निशान आकर्षण का केन्द्र थे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने चल समारोह में भाग लिया। अखाड़े में श्रद्धालुओं ने शस्त्र कला का प्रदर्शन किया। श्री गिरनारी अखाड़ा के अध्यक्ष राकेश कचोटिया बाबू व संजू नरवाले के अनुसार महाआरती व चल समारोह के मुख्य अतिथि श्री भर्तृहरि गुफा के पीर महंत श्री रामनाथजी महाराज रहे। चल समारोह समापन उपरांत श्री रामायणजी का पाठ आरंभ हुआ जिसकी पुर्णाहुति 13 दिसंबर शनिवार को हुई।

### डॉ. चौहान खेड़ापति सम्मान 2025 से सम्मानित



**उज्जैन।** भैरवगढ़ स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर हनुमान अष्टमी उत्सव श्रद्धा भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कोरोना काल में मरीजों का इलाज करने वाले डॉ.राजकुमार चैहान को निगम सभापति कलावती यादव ने खेड़ापति सम्मान से सम्मानित किया। पं.अभय रामागुरू शर्मा के अनुसार इस अवसर पर सोनल जोशी, पार्षद गब्बर भाटी, हेमंत गेहलोत, सुरेन्द्र यादव, सुधीर सांखला, राजेश कुशवाह, नरेश शर्मा, रवि सोलंकी, भरत पोरवाल, भूपेश त्रिवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संचालन पं.रामा गुरू ने किया और आभार राजकुमार पटेल ने व्यक्त किया।

### आज सिंधी प्रतिभाएं मंच पर करेंगी प्रशिक्षण के बाद प्रदर्शन



**उज्जैन।** प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित अमां चवंदी हुई कार्यक्रम के अंतर्गत आज 14 दिसंबर की शाम 7 बजे झूलेलाल गार्डन, सतराम सिंधी कॉलोनी में नगर की उभरती हुई सिंधी प्रतिभाएं मंच पर अलग–अलग विधाओं में प्रस्तुति देंगी।

कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार पारसवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे बुजुर्गों द्वारा धार्मिक और मांगलिक कार्यों को मनाना और उनके महत्व के संबंध में मिले संस्कारों को संस्मरण, गीत, कविता, नृत्य, कहानी, भाषण के माध्यम से उन लोगों को मंच पर लाना है जिन्हें सामान्यतः मंच नहीं मिलता। परसवानी ने बताया कि 7 दिसंबर को हुए ऑडिशन के माध्यम से चयनित लोगों को प्रशिक्षण दिया गया, उसके उपरांत आज वे अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कवित्री द्रोपदी चंदनानी, भोपाल को कविता पाठ एवं अंतर्राष्ट्रीय नृत्य गुरु डॉ. पल्लवी किशन के निर्देशन में सिंधी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, नई दिल्ली के बोर्ड मेंबर मनीष देवनानी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। संस्था पदाधिकारी डॉ. शिव चौरसिया, कुमार किशन, डॉ. पल्लवी किशन, डॉ. सुनील खत्री, डॉ. मीना वाधवानी, पुष्पा कोटवानी, विजय भागचंदानी, लोकेश भागचंदानी द्वारा कला प्रेमियों से कार्यक्रम में पधारने हेतु विशेष आग्रह किया गया है ।

### बैरवा दिवस को लेकरबैठक आज

**उज्जैन।** 31 दिसंबर को बैरवा दिवस पर प्रतिवर्ष बैरवा समाज द्वारा परंपरागत रूप से वाहन रैली निकाली जाती है एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम भी भव्य स्तर पर आयोजित किये जाते है।

झोन अध्यक्ष सुरेन्द्र मेहर के अनुसार आगामी 31 दिसंबर को बैरवा दिवस पर निकाले जाने वाली वाहन रैली व सामाजिक कार्यक्रम को बैरवा समाज उज्जैन की आवश्यक बैठक आज 14 दिसंबर रविवार को प्रातः 11 बजे श्री संत बालीनाथजी मंदिर, बागपुरा, उज्जैन पर आयोजित की जा रही है। बैठक में समाज के अखाड़ों के उस्ताद, खलीफाओं सहित समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में बैरवा दिवस के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जावेगी और तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु पृथक पृथक जिम्मेदारियां समाजजनों को दी जाएगी। समस्त बैरवा समाजजनों से इस बैठक में शामिल होने का आग्रह है।

### कलावर्त न्यास द्वारा राष्ट्रीय कला आचार्य सम्मान की घोषणा

**उज्जैन।** कला के क्षेत्र में विगत 27 वर्षों से कार्यरत प्रतिष्ठित कला संस्था कलावर्त न्यास द्वारा अपने वार्षिक आयोजन कलावर्त कलापर्व के दौरान प्रतिवर्ष कला के क्षेत्र में दिए जाने वाले विशिष्ट अलंकरणों के तहत दिया जानेवाला गुरु संदीपनि राष्ट्रीय कला आचार्य सम्मान की घोषणा न्यास समिति द्वारा की गयी। न्यास के सचिव पवन गरवाल ने बताया कि इस वर्ष यह प्रतिष्ठित सम्मान सर जेजे स्कूल ऑफ़ फाइन आर्ट्स एन्ड डिज़ाइन यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. हिम चटर्जी और चितकारा यूनिवर्सिटी के डॉ. रवींद्र सिंह गोसाई को प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। गरवाल ने बताया कि दोनों ही आचार्यों को यह सम्मान कलापर्व के शुभारंभ दिवस 25 दिसंबर को होने वाले विशेष अलंकरण समारोह मे प्रदान किया जावेगा।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उज्जैन का समग्र विकास

**प्रभारी मंत्री बोले ,नई इबारत लिख रहा है मध्यप्रदेश**

**दो साल में बदली उज्जैन की तस्वीर**

**शिप्रा शुद्धिकरण से स्मार्ट सिटी तक विकास**



**नव भारत न्यूज**

**उज्जैन.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के साथ ही उज्जैन शहर और जिले में विकास की तस्वीर तेजी से बदलती दिखाई दे रही है. आगामी सिंहस्थ 2028 को केंद्र में रखकर जहां एक ओर आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, सड़क, उद्योग और पर्यटन से जुड़े करोड़ों रुपये के कार्य धरातल पर उतर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जनभागीदारी के साथ दीर्घकालीन विकास की स्पष्ट कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो वर्षीय कार्यकाल में उज्जैन को कई बड़ी सौगातें मिली हैं. सिंहस्थ 2028 को भव्य, दिव्य और अलौकिक स्वरूप देने के उद्देश्य से निर्माण कार्यों को अभूतपूर्व गति मिली है. इसी कड़ी में 592.30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला मेडिकल कॉलेज (मेडिसिटी) तेजी से आकार ले रहा है. नौ मंजिला इस मेडिकल कॉलेज में 550 बेड की सुविधा के साथ 150 मेडिकल सीटें होंगी, जिससे उज्जैनवासियों को जटिल उपचार के लिए अन्य शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा.

### 3555 करोड़ का निवेश

औद्योगिक विकास को गति देते हुए उज्जैन को रोजगार का केंद्र बनाने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं. जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में 777 इकाइयां कार्यरत हैं, जिनमें 3555 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो चुका है. विक्रम उद्योगपुरी, मेडिकल डिवाइस पार्क और तराना औद्योगिक पार्क जैसे प्रोजेक्ट उज्जैन को औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान दे रहे हैं.

**मुख्यमंत्री की परिकल्पना साकार**

सिंहस्थ से पहले उज्जैन के चारों ओर सड़कों का सुनियोजित जाल बिछाया जा रहा है. इंदौर–उज्जैन 6 लेन मार्ग, उज्जैन–मक्सी 4 लेन मार्ग प्रगतिरत हैं, जबकि सिंहस्थ बायपास और इंदौर–उज्जैन वैकल्पिक 4 लेन मार्ग की निविदा प्रक्रिया जारी है. इन परियोजनाओं पर कुल हजारों करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है, जिससे यातायात सुगम होगा और भीड़ नियंत्रण में भी मदद मिलेगी.

### ऐतिहासिक गरिमा में निखार

स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत रुद्रसागर झील पर सम्राट अशोक सेतु (पैदल पुल) का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा महाकाल परिसर, विरासत स्थलों, सड़कों और पार्कों के उन्नयन के कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं, जिससे धर्मनगरी की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गरिमा और अधिक निखर रही है।

### मोक्षदायिनी सतत प्रवाहमान

मोक्षदायिनी शिप्रा नदी को स्वच्छ, अविरल और प्रवाहमान बनाने के लिए भी मुख्यमंत्री ने विशेष रुचि ली है. कान्ह नदी के दूषित जल को रोकने के लिए क्लोज डक्ट परियोजना और सेवरखेड़ी–सिलारखेड़ी परियोजना पर करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रगति पर है.

### कार्ययोजना पर मंत्री ने की चर्चा

उज्जैन प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने सुगम, सरल और सुशासन की नई परंपरा स्थापित की है. उज्जैन का गौरव राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है और विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है.

### रोडमेप तैयार

प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल ने समिति के सदस्यों से आह्वान किया कि जिले के परंपरागत कौशल, वोकल फॉर लोकल और नवाचारों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालीन विकास का रोडमैप तैयार किया जाए. उन्होंने कहा कि जनता, जनप्रतिनिधियों और हितधारकों के सुझावों से उज्जैन को विकास के नए शिखर पर पहुंचाया जाएगा.

### पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन

बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पिछले दो वर्षों में जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी. जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, उद्योगपतियों और अधिकारियों की उपस्थिति में यह स्पष्ट संदेश गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उज्जैन विकास, विरासत और विश्वास– तीनों का संगम बन रहा है.

## हनुमान जी की महाआरती की गई एवं भंडारे का आयोजन

**उज्जैन.** श्री हनुमान अष्टमी के पावन अवसर पर दानी गेट अनंत पेठ स्थित धाकड़ समाज धर्मशाला में श्री भूतेश्वर महादेव हनुमान मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के रोहित राव अवार्ड ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन सुंदरकांड पाठ के साथ आयोजन की शुरुआत हुई, जिसके पश्चात मां क्षिप्रा की महाआरती कर चुनरी अर्पण की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधु–संत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सनातन धर्म की उन्नति एवं रक्षा के लिए प्रार्थना की गई तथा उपस्थित साधु–संतों का मंदिर समिति द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री हनुमान अष्टमी के उपलक्ष्य में विशाल चल समारोह निकाला गया। गाजे–बाजे के साथ निकले इस चल समारोह में भगवान हनुमान की प्रतिमा को भव्य रथ में विराजित कर शहर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कराया गया। जगह–जगह समाजजनों द्वारा पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया गया। कलाकारों द्वारा भगवान हनुमान की वेशभूषा धारण कर प्रस्तुतियां दी गईं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। चल समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अवधूत मौनी बाबा, महाकाल मंदिर के पुजारी प्रदीप गुरु एवं समाजसेवी रवि सोलंकी उपस्थित रहे। चल समारोह मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुआ।

इसके पश्चात भगवान हनुमान की महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया। दो दिवसीय यह धार्मिक आयोजन श्री अवधूत मौनी बाबा के सानिध्य में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा यह आयोजन विगत 45 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। इस अवसर पर सुरेंद्र यादव, पूर्व सभापति सोनू गहलोत, विजय राव अवार्ड, पुजारी बसंत गुरु, रवि राव, सुधीर राव, गब्बर बाबा, धर्मेंद्र जोशी सहित मंदिर से जुड़े अनेक सेवाभावी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में 165 प्रकरणों का निराकरण



**खाचरौद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के निर्देशानुशार तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, शैफाली सिंह व्यवहार न्यायाधीश वर्ग वरिष्ठ खण्ड, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड पंकज बुटानी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित, माल्यार्पण कर एवं अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रवीण पंड्या, विद्युत मंडल कनिष्ठ यंत्री शशि रंजन, समस्त बैंकों के प्रतिनिधि, नगरपालिका के समस्त पदाधिकारीगण एवम् न्यायालय खाचरौद के कर्मचारीगण द्वारा सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में हिन्दू विवाह अधिनियम के 1 , क्लेम प्रकरण 3 एवं विद्युत अधिनियम के भी प्रकरण थे। इस प्रकार कुल 17 प्रकरणों का निराकरण किया गया। द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा के न्यायालय से 01 हिन्दू विवाह अधिनियम के प्रकरण का निराकरण किया गया, न्यायाधीश शैफाली सिंह के न्यायलय के कुल 33 प्रकरण का निराकरण किया गया।

पंकज बुटानी व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 के न्यायालय के कुल 21 प्रकरणों का निराकरण किया गया। नगर पालिका जलकर व दुकान किराया, जलकर, दूर संचार विभाग व बैंक रिकवरी के प्रिलिटिगेशन प्रकरण में से 78 प्रकरणों का निराकारण हुआ, जिसमें 1827000 रुपये प्राप्त हुए।

इस प्रकार न्यायालय में लम्बित प्रकरणों में से 87 प्रकरणों का निराकरण किया गया। पति पत्नी के विवाद से संबंधित एक प्रकरण का निराकरण किया गया। जिन्होंने आपसी सहमति से पति पत्नी साथ रहने तैयार हुए, न्यायाधीशगण के समक्ष बिना किसी विवाद के जीवन यापन करने का संकल्प लेकर साथ साथ घर गए।

## 18 माह पुराने मामले में 10 साल की सजा एवं अर्थ दंड

**महिदपुर। 17 जून 2024 को फरियादी अंकित अपने मित्र अभियुक्त भैरुदास के साथ ठेकेदार के पिकअप वाहन क्रमांक आरजे-09/जीबी 8436 से अपने मित्र हेमेन्द्र सिंह से मिलने उज्जैन गया था। फरियादी और उसका मित्र अभियुक्त भैरुदास 18 जून 2024 को सुबह उज्जैन से निकले थे तथा प्रातः 7 बजे लगभग ग्राम चोरवास बड़ला कच्चे रास्ते पर अभियुक्त भैरुदास द्वारा बाथरूम जाने का कहने पर फरियादी ने गाड़ी रोक दी थी।**

दोनों ने बाथरुम की और बाथरूम करने के बाद फरियादी अंकित गाड़ी में बैठ गया। अभियुक्त भैरुदास गाड़ी के पीछे गया और फिर फरियादी के पास आकर बोला कि गाड़ी में दिक्कत है। फरियादी अंकित गाड़ी के बाहर आकर देख रहा था तभी अभियुक्त भैरुदास ने फरियादी से कहा कि वह उसकी गर्लफ्रेंड को मिलने से मना क्यों किया और गर्लफ्रेण्ड का नाम क्यों लेता है। इस बात को लेकर अभियुक्त भैरुदास फरियादी अंकित को मां–बहन की गालियां देने लगा। फरियादी ने गालियां देने से मना किया तो अभियुक्त भैरुदास ने पिकअप वाहन में रखा लोहे का पाइप निकालकर फरियादी अंकित के सिर के पीछे तथा बांये हाथ में मारा जिससे फरियादी को चोट आई और फरियादी गिर गया तो अभियुक्त भैरुदास ने चाकू से फरियादी अंकित का प्रायवेट पार्ट काट दिया। फरियादी ने भागते हुए चिल्ला चोट करने पर वहीं पास के गांव के लोग आ गये जिन्होंने बीच–बचाव किया। अभियुक्त भेरूदास ने फरियादी अंकित को जान से खत्म कर देने की धमकी भी दी और पिकअप वाहन से भाग गया। किसी के द्वारा एम्बुलेंस वाहन को फोन करने पर फरियादी अंकित को एम्बुलेंस वाहन से शासकीय अस्पताल महिदपुर लाया गया। जहां डॉक्टर ले अंकित का परीक्षण कर सहायक उप निरीक्षक शांतिलाल भण्डारी द्वारा आहत अंकित के बताये अनुसार लेखबद्ध की गई। 18 माह पुराने मामले में अभियुक्त भैरुदास पिता रतनदास बैरागी को दोष सिद्ध पाते हुए सुशील कुमार जोशी द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महिदपुर ने दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामले में शासन की और से प्रतिनिधत्व अपर लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार सोलंकी ने किया। जानकारी नरेंद्र कुमार सोलंकी ने दी।

## भाषा की बहुरंगी प्रस्तुतियों से महका विक्रम का आंगन




**उज्जैन।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय भाषाओं पर केंद्रित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में भारतीय भाषाओं की बहुरंगी प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के क्षेत्रीय संयोजक ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि भारत में भाषाएं अनेक हैं, लेकिन भाव एक है, यही हमारी एकता की ताकत है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने भाषाओं के सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की और संस्कृत को सभी भाषाओं की जननी बताया।

न्यास के मालवा प्रांत अध्यक्ष डॉ. राकेश ढांड ने भारतीय भाषाओं का स्वतंत्रता आंदोलन के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने पंजाबी भाषा में अपनी बात रखी। यह जानकारी देते हुए न्यास के क्षेत्रीय संयोजक प्रचार–प्रसार डॉ जफर महमूद ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय भाषा प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. गीता नायक ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि भारतीय भाषाएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं भाषाई संस्कृति में एकात्मकता ही इसकी विशिष्ट पहचान है। भारतीय भाषाएं सेतु है ना की दीवार। प्रो. शैलेंद्र शर्मा ने अपना वक्तव्य मालवी भाषा में प्रस्तुत किया। तान्या विश्वास एवं शुभो सामंतों ने बंगाली, कुमार किशन ने सिंधी, साईं शिखा ने तेलगु, अंशुमाला वाणी ने मराठी, अलीमा जैना ने उड़िया, सेफ ने असमिया तथा मिशेल पथेनिनेनील, जेसोन जोसफ, जेसोन, सनूप, अखिल, एलन रेजी ने तमिल और मलयालम देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल गर्वित जैन ने किया। आभार न्यास के संभागीय संयोजक डॉ. आरएम शुक्ला ने व्यक्त किया। इस अवसर पर भारतीय स्त्री शक्ति संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री किरण शर्मा, न्यास के महानगर अध्यक्ष डॉ. नीरज सारवान, निर्मला कॉलेज की प्राचार्य डॉ. कीर्ति डिड्डी, प्रो. उमा शर्मा, डॉ. धर्मेंद्र मेहता, शोधार्थी गौरव गौतम, रणधीर आठिया सहित बड़ी संख्या में भारतीय भाषा प्रेमी उपस्थित थे।

**एक नजर** — **उज्जैन नगर निगम आयुक्त संतोष टेगोर के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की**

## आशा की ज्योति से जगमगाया– सेंट पॉल स्कूल का प्रांगण



**उज्जैन। सेंट पॉल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में, 'स्पेस '( सेंट पॉल की आशा मयी ज्योति ) की थीम पर वार्षिकोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

प्रार्थना नृत्य और दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष उज्जैन महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष महामहिम सेबेस्टियन वडक्केल, मुख्य अतिथि उज्जैन उत्तर क्षेत्र के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा एवं उज्जैन नगर निगम आयुक्त संतोष टेगोर के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। फॉदर मनोज वरीक्कल उज्जैन जिरोमलाबार महाधर्म प्रांत के प्रोटोसिंलस, फॉदर अलेक्जेंडर पिनामारुकिल, जॉर्ज थोप्पल, सिस्टर विनया माउंट कार्मल विकर प्रोविंशियल सीएमसी भोपाल, सिस्टर रोज़टॉम सीएमसी शिक्षा सलाहकार भोपाल, विद्यालय के मैनेजर जेकब निरुप्पल, प्राचार्या सिस्टर विनीता, उप प्राचार्या सिस्टर कार्मला, प्री प्राइमरी सेक्शन की प्रभारी सिस्टर सौम्या, विद्यालय के शिक्षक सचिव बीना जोसेफ, वैखरी केलकर, विद्यालय के कप्तान दर्शन जैन और जैवी व्यास आदि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

विद्यालय के मैनेजर फॉदर जैकब निरप्पल के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। प्राइमरी सेक्शन के विद्यार्थियों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का आकर्षण वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यार्थियों के द्वारा योग, लाठी, खेल आदि का प्रदर्शन करते हुए दी गई शानदार प्रस्तुति थी। पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। वर्तमान समय में एआई, मोबाइल में डूबी भटकी हुई युवा पीढ़ी को सही राह दिखाती हुई नाटिका ने सभी के मन को झकझोर दिया। विज्ञान हमारा सेवक है स्वामी नहीं तथा आशा ही जीवन है' जैसे सुंदर संदेश देकर सभी के मर्म को स्पर्श किया। फ्रेंच डांस ने सबका मन मोह लिया। एस्ट्रोनॉट्स के द्वारा विद्यालय की सफलताओं का लेखा– जोखा विद्यालय की रिपोर्ट में दिया गया। संगीत और चित्रकला का अद्भुत संगम दिखाई दिया। स्वागत गीत ने सुरों का समा बांधकर मन के तारों को झंकृत कर दिया। ग्रैंड फिनाले में विद्यार्थियों की प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी गई। विद्यार्थियों की प्रभावशाली एंकरिंग ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष महामहिम विशप द्वारा अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को कार्यक्रम की सफलता पर बधाई देते हुए कहा गया' हमें अनुशासन और कर्त्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करना चाहिए। ईश्वर हमारे साथ है। मुख्य अतिथि अनिल जैन कालूहेड़ा द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई, उन्होंने कहा बच्चे देश का भविष्य हैं। मोबाइल का उपयोग करें दुरुपयोग नहीं। किसी वस्तु का सदुपयोग ही सफलता की आधारशिला है। इस अवसर पर महामहिम बिशप को उच्चतम सम्मान मेट्रोपॉलिटन आर्च बिशप पद की प्राप्ति पर हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। फॉदर चांडी को पुरोहिताभिषेक की स्वर्ण जयंती पर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह जानकारी विद्यालय के खेल प्रशिक्षक ज्वलंत शर्मा ने दी।